## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 07.11.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम" के डेढ सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक वर्ष तक चलने वाले समारोह का उद्घाटन किया।
2. प्रधानमंत्री ने कहा–'वंदे मातरम' एक मंत्र, एक ऊर्जा, एक स्वप्न और भारत–माता के प्रति एक संकल्प है।
3. भारतीय जनता पार्टी द्वारा वीर सावरकार पार्क में वन्दे मातरम गीत का सामूहिक गायन किया गया।
4. भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, के निर्देशानुसार अब आधार कार्ड को जन्म तिथि, नागरिकता या निवास प्रमाण पत्र के प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम" के डेढ सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक वर्ष तक चलने वाले स्मरण उत्सव का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया। उन्होंने vandemataram150.in पोर्टल भी जारी किया। इसमें लोग राष्ट्रीय गीत गाते हुए अपनी वीडियो डालकर प्रमाण–पत्र प्राप्त कर सकते हैं। नई दिल्ली में इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम एक मंत्र, एक ऊर्जा, एक सपना और एक संकल्प है।

प्रधानमंत्री ने बंकिमचंद्र के आनंद मठ को स्वतंत्र भारत का सपना बताया। बंकिम चंद्र की आनंद मठ केवल उपन्यास नहीं है। यह स्वाधीन भारत का एक स्वप्न है। आनंद मठ में वंदे मातरम की एक–एक पंक्ति के एक–एक शब्द के उसके हर भाव के गहरे निहितार्थ थे, निहितार्थ है, यह गीत गुलामी के कालखंड में कभी भी कैद नहीं रहे। प्रधानमंत्री ने महात्मा गांधी सहित कई स्वतंत्रता सेनानियों का भी जिक्र किया।

<><><><><><><>

उधर, कला एवं संस्कृति निदेशालय द्वारा श्री विजयपुरम स्थित टैगोर कॉलेज के सभागार में आज सवेरे नौ बजकर पचास मिनट पर कॉलेज के छात्रों द्वारा वन्दे मातरम के पूर्ण संस्करण का सामूहिक गायन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कला एवं संस्कृति विभाग की आयुक्त सह सचिव चंचल यादव, सचिव ज्योति कुमारी

और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सचिव ज्योति कुमारी ने इस अवसर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वन्दे मातरम केवल एक गीत नहीं है बल्कि यह हमारे राष्ट्र की एकता संस्कृति और शक्ति का उत्सव है जो भारत की आत्मा की याद दिलाता है। कार्यक्रम में नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इन्डोर स्टेडियम में चले रहे प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया गया।

<><><><><><><>

भारतीय जनता पार्टी द्वारा आज वीर सावरकर पार्क में राष्ट्रगीत वंदे मातरम की रचना के एक सौ पचासवीं वर्ष के उपलक्ष्य में वंदे मातरम के पूर्ण संस्करण का सामूहिक गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी, द्वीप समूह के प्रभारी रघुनाथ कुलकर्णी तथा सांसद विष्णु पद रे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूली विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रगीत वंदे मातरम के सामूहिक गायन से हुई। इसके पश्चात श्री तिवारी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि यह गीत सात नवम्बर 1875 को लिखा गया था और इसने देश के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान असंख्य देशभक्तों को प्रेरणा एवं उत्साह प्रदान किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों ने इस राष्ट्रगीत को गाते हुए अपने प्राणों का बलिदान देकर देश को आज़ादी दिलाई। श्री तिवारी ने कहा कि आज पूरा देश वंदे मातरम के एक सौ पचासवीं वर्ष पूर्ण होने का उत्सव मना रहा है और यह हम सबके लिए गर्व का विषय है कि यह गीत आज भी देशवासियों के हृदय में राष्ट्रभक्ति और एकता की भावना को सशक्त बनाता है।

<><><><><><><>

कार्यक्रम के दौरान पार्टी की ओर से "स्वदेशी संकल्प पत्र" का पाठ किया गया, जिसके माध्यम से सभी उपस्थित जनों ने आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प लिया। संकल्प में नागरिकों ने प्रतिज्ञा ली कि वे अपने दैनिक जीवन में अधिकतम भारतीय उत्पादों का उपयोग करेंगे, स्थानीय उद्योगों के विकास में सहयोग देंगे, युवाओं एवं बच्चों को स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे, भारतीय भाषाओं के प्रयोग को प्रोत्साहित करेंगे तथा पर्यावरण के अनुकूल और स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देंगे। प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर भारत की दिशा में अग्रसर है और हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह 'स्थानीय को वैश्विक' बनाने के इस अभियान में सहभागी बने। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत वंदे मातरम की पुनः सामूहिक प्रस्तुति और स्वतंत्रता सेनानियों को नमन के साथ किया गया।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद द्वारा उप समिति में आकस्मिक रिक्तयों को भरने के लिए तीन नवम्बर को चुनाव करवाया गया। दोनों समितियों में एक एक रिक्ती के लिए दो दो नामांकन प्राप्त हुए थे। इस चुनाव में पांडी सेल्वी को निर्माण, नगर नियोजन एवं सुधार उप–समिति का सदस्य निर्वाचित किया गया, जबकि आर सोमेस्वर राव को वित्त, कराधान और लेखा उप– समिति के सदस्य के रूप में निर्वाचित घोषित किया गया।

<><><><><><><>

नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले निदेशालय द्वारा भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार अब आधार कार्ड को जन्म तिथि, नागरिकता या निवास प्रमाण पत्र के प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी विभागों, नगरीय निकायों, बैंकों और अन्य संस्थानों को इस संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई है ताकि आगे की प्रक्रिया में इसका पालन किया जा सके।

<><><><><><><>

प्रसिद्ध विधि शिक्षाविद और एन एल यू भोपाल और लखनऊ के पूर्व कुलपति प्रो. बलराज चौहान ने आज शाम अंडमान लॉ कॉलेज का दौरा किया। दौरे के दौरान उन्होंने संकाय सदस्यों और छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने द्वीप समूह के शैक्षणिक संस्थानों से द्वीपवासियों की ज़रूरतों को पूरा करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अपने कॉलेजों के पाठ्यक्रम और सिलेबस को इस तरह विकसित करना चाहिए कि वे द्वीपवासियों के सामने आने वाली 'समस्याओं' का समाधान किया जा सके। उन्होंने वन, वन्यजीव, सामाजिक वास्तविकताओं के क्षेत्रों में द्वीपों और वहाँ के लोगों के मुद्दों को समझने की आवश्यकता पर भी ज़ोर दिया। श्री चौहान ने अंडमान लॉ कॉलेज को हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान के जिला परिषद अध्यक्ष प्रकाश अधिकारी, उप–अध्यक्ष बूमनाथन, और इंजीनियरिंग विंग के अधिकारियों द्वारा आज बर्मानाला में चल रहे पार्क के विकास कार्य स्थल का दौरा किया गया। इस दौरे के दौरान, अध्यक्ष ने निर्देश दिए कि चल रहे कार्यों को जल्द पूरा किया जाए ताकि पार्क का उद्घाटन अगले महीने के बारह तारीख के आसपास हो सके।

<><><><><><><>